SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उदयम

मई – 2014

## अपनी सुरक्षा के लिए बाहर लगवाएं अपना बिजली मीटर

हमारी जानकारी में कुछ ऐसे मामले आए हैं, जिनमें मीटर जांच करने या उसकी रीडिंग करने के बहाने, बीएसईएस के नाम पर कुछ फर्जी लोग उपभोक्ताओं के घरों में घुस गए। ऐसे वाकये उपभोकताओं की सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं।

उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, हम अपने सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे आगे आएं, और अपने बिजली मीटरों को घर से बाहर किसी ऐसे स्थान पर स्थानांतरित करवाएं, जो सुरक्षित हो, घेरा हुआ यानी कवर किया हुआ हो और बीएसईएस के अधिकृत कर्मियों के लिए जहां तक पहुंच आसान हो। जैसे – मुख्य प्रवेश दवार के भीतर, सीढ़ियों में, आदि। इससे न सिर्फ अनाधिकृत व्यक्तियों का आपके घरों में घुस पाना थोड़ा मुश्किल होगा, बल्कि अस्थायी बिल भेजने के मामलों में भी कमी आएगी।

डीईआरसी सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स, 2007 रेगुलेशन (रेग्युलेशन 35(2)) के मुताबिक – बिजली का मीटर ऐसी जगह जगह पर होना चाहिए, जहां मीटर रीडिंग के लिए बिजली कंपनियों की पहुंच हो।

वैसे, कई मामलों में मीटर घरों के अंदर लगे हुए हैं, जिससे बिजली कंपनी के कर्मचारियों को घर के अंदर जाकर नियमित तौर पर मीटर रीडिंग लेने में दिक्कत होती है।

मीटर शिफ्ट करवाने के लिए हमारे हेल्पलाइन नंबर 399 99 707 पर फोन करें। हम जल्द से जल्द मीटर शिफ्ट करवाने संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने में आपकी मदद करेंगे।

## दलालों और ठगों से सावधान रहें!

दलालों और ठगों से छुटकारा दिलानें में आप हमारी सहायता करें। बीआरपीएल के सामने ऐसे मामले प्रकाश में आएं है जिसमें सीधे साधे और अनजान उपभोक्ताओं को असामाजिक तत्वों द्वारा ठगी का शिकार बनाया जा रहा हैं। दलालों और ठगों द्वारा बीएसईएस के कार्य को तेजी से करवाने जैसे झूठे आश्वासनों में उपभोक्ता फंस चुके है।

**कृपया याद रखें:**

- बीआरपीएल का कोई भी स्टॉफ अथवा प्रतिनिधि बीआरपीएल की तरफ से आपके घर से नकद में भुगतान वसूलने के लिए अधिकृत नही है।
- एन्फोर्समेंट से सबंधित सभी तरह के जुर्माने, फाइन आदि का भुगतान बीआरपीएल के ऑफिस में ही हो सकता है।

जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उनका पहचान पत्र देखें। जैसे ही उपभोक्ताओं को कुछ शक हो, वे तुरंत निकटतम बीआरपीएल के एनफोर्समेंट टीम के नंबर 011–26273311 (सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5.30 तक) पर कॉल करे, इसके बारे में सूचित करें या, फिर 100 नंबर पर पुलिस को बताएं। अन्य दिनों के लिए कृपया 39999707 पर कॉल करें अथवा 100 नंबर पर स्थानीय पुलिस को सूचित करें

## सुरक्षा के लिए आईकार्ड की पहचान करें

उपभोक्ताओं को यह सलाह दी गई है कि जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उनका पहचान पत्र देखें। सही पहचान पत्र में ये तथ्य होने चाहिए:

बीएसईएस लोगो • बीएसईएस होलोग्राम • जारी होने की तारीख • वैधता (वैलिडिटी) • कर्मचारी की तस्वीर • अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर • कर्मचारी के हस्ताक्षर • कर्मचारी संख्या/ पहचान पत्र संख्या • ठेकेदार का नाम/ लोगो/ पता, लेमिनेशन।

## 'बिजली गुल' होने की शिकायत हेल्पलाइन नंबर, आईवीआरएस और एसएएमएस के जरिए करें

अगर बिजली संबंधि कोई दिक्कत है, तो आप हम तक इन माध्यमों से पहुंच सकते हैं:

**कॉल करें 24x7** 399 99 707

**आईवीआरएस** किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399 99 707 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

**एसएमएस** टाइप करें–बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 39999707, Website www.bsesdelhi.com
To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy